# सतोपथ एक्सप्रेस

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

R.N.I.No.UTTHIN/2016/68232

वर्ष-9 अंक-44 हरिद्वार, सोमवार, 28 अप्रैल 2025 मूल्य- एक रूपया मात्र पृष्ठ-8


## धूमधाम से संपन्न हुआ, द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अनुष्ठान

### प्रेस क्लब हरिद्वार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महासचिव सहित कार्यकारिणी सदस्य सम्मानित




**हरिद्वार ।** श्री शिव मंदिर समिति (रजि) शिवालिक नगर के तत्वावधान चल रहे पांच दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। काशी से पधारे श्री विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी के विद्वान आचार्य पंडित रामानंद दूबे एवं उनके सहयोगी पंडित रुपेश महाले पंडित उमाशंकर पंडित सुनील कपूरिया एवं श्री शिव मंदिर के पुजारी पं रामचंद्र नौटियाल पंडित कैलाश चंद नौटियाल ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग, नंदी की विधिवत स्थापना करते हुए प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न करवाया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब हरिद्वार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महासचिव दीपक मिश्रा, उपाध्यक्ष महेश पारिक, कार्यालय प्रभारी बालकृष्ण शास्त्री, वरिष्ठ पत्रकार बृजेन्द्र हर्ष, लव शर्मा एवं विकास कुमार झा को पटका भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा हरिद्वार में द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना के लिए श्री शिव मंदिर समिति (रजि) शिवालिक नगर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बधाई के पात्र हैं। हरिद्वार में स्थित प्राचीन शिव मंदिरों के साथ लोगों को द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का भी पुण्य लाभ अर्जित होगा। आने वाले समय में हरिद्वार आने वाले तीर्थयात्री द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शनों के लिए पधारेंगे और शिवालिक नगर शिव मंदिर तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात होगा। शिवालिक नगर पालिका के चैयरमेन राजीव शर्मा ने कहा भगवान शिव की नगरी में द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। जों भी श्रद्धालु द्वादश ज्योतिर्लिंग की यात्रा करने में असमर्थ हैं। वें एक ही स्थान पर दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। हर एक ज्योतिर्लिंग में शिव का वास है और दर्शन के लिए आने वाले भक्तों पर शिव की कृपा अवश्य होगी।

इस दौरान पूर्णाहुति के साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। प्राण -प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद आचार्य पंडित रामानंद दूबे, श्री विश्वनाथ मंदिर वाराणसी वाले के निर्देशन में पंडितों ने अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ज्योतिर्लिंगों की प्राण- प्रतिष्ठा की। इस दौरान पूरा मंदिर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर महाआरती हुई। आरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। वहीं श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा भी की। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्राण -प्रतिष्ठा के पूर्व गाजे -बाजे के साथ मंदिर परिसर से शिवलिंग की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थे वहीं ज्योतिर्लिंग को को रथ में विराजमान किया गया था। शोभायात्रा का जगह-जगह रहवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं महिलाओं ने ज्योतिर्लिंग की आरती उतारी। जिन लोगों के प्रेस में नाम डाले हैं उनकी सूची में भेज रहा हूं अनिल कुमार माथुर-, अध्यक्ष अशोक मेहता -उपाध्यक्ष, शशि भूषण पांडे पांडेय- महासचिव, राम भारत कुशवाहा- सचिव, रामकुमार चौहान -सचिव, जय ओम गुप्ता, ओ एन शुक्ला ज्ञानेश चंद - संयुक्त सचिव, पवन सक्सेना- कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य रेखा सिंगल, राजीव शर्मा एवं अन्य मंदिर समिति के पंडित और पदाधिकारी गण मौजूद रहें।

## मजिस्ट्रेट न्यायालयों में अभियोजन वादों की पैरवी के लिए उपस्थित रहे सहायक अभियोजन अधिकारी: एडीएम

**देहरादून( ब्यूरो )।** अपर जिलाधिकारी (प्रशा) जय भारत सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मजिस्ट्रेट न्यायालयों में अभियोजन से संबंधित लंबित वादों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नामित सहायक अभियोजन अधिकारियों को मजिस्ट्रेट न्यायालयों से समन्वय रखते हुए अभियोजन संबंधी वादों का त्वरित निस्तारण करने पर जोर दिया।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मजिस्ट्रेट न्यायालयों में वादों की पैरवी के लिए नामित सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित नही रहते है। जिसके कारण मजिस्ट्रेट कोर्ट में अनावश्यक रूप से वाद लंबित हो रहे है और सुगम न्यायिक प्रक्रिया में रूकावट आ रही हैं। जिससे सरकार को राजस्व का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि मजिस्ट्रेट न्यायालयों के लिए नामित सहायक अभियोजन अधिकारी प्रत्येक सप्ताह अपने से संबंधित मजिस्ट्रेट न्यायालयों में उपस्थित होकर अभियोजन वादों के निस्तारण में सहयोग करें। ताकि न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता बनी रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम के साथ उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 154 के उल्लंघन के प्रकरणों में गतिमान धारा 166 व 167 की कार्यवाही और अंश निर्धारण की अद्यतन प्रगति समीक्षा भी की और अंश निर्धारण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि किसान योजना के तहत शत प्रतिशत किसानों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। संयुक्त निदेशक विधि ने बताया कि अभियोजन वादों के निस्तारण में पूरा सहयोग किया जा रहा है। मजिस्ट्रेट न्यायालयों में वादों के निस्तारण में सहायक अभियोजन अधिकारियों का रोस्टर तैयार किया जाएगा और आपसी समन्वय बनाकर वादों का त्वरित निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, ओसी कलेक्ट्रेट अपूर्वा, एसडीएम हरिगिरि, एसडीएम कुमकुम जोशी, एसडीएम विनोद कुमार, एसडीएम अपर्णा ढौंडियाल, तहसीलदार सोहन सिंह रांगड, सुरेन्द्र देव, विवेक राजौरी, संयुक्त निदेशक विधि जीसी पंचोली सहित मजिस्ट्रेट कोर्ट के लिए नामित समस्त सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित थे।

## फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफमुकदमा दर्ज

**हरिद्वार ।** ब्राह्मण समाज के लोगों ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप पर समाज के खिलाफअपशब्द कहकर अपमान का आरोप लगाते हुए रूड़की सिविल लाइन कोतवाली में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दो दिन पूर्व युवा ब्राह्मण नेता आशीष पंडित ने अपने कुछ साथियों के साथ सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने अपनी एक फिल्म को चर्चाओं में लाने के लिए ट्विटर हैंडल में ब्राह्मण समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी लिखी थी। आरोप था कि इस प्रकार की टिप्पणी से ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने का काम किया। वहीं तहरीर देकर आशीष पंडित ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के साथ कारवाई की मांग की थी वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनुराग कश्यप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वन विभाग ने मारा छापा, कई प्रतिबंधित पक्षी बरामद

**रुड़की, ।** शहर में वन विभाग की टीम ने पिंजरों में कैद बेजुबान प्रतिबंधित पक्षियों को कब्जे में लिया है। साथ ही शहर में इन पक्षियों का कारोबार करने वाले दो लोगों को भी वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। टीम ने दोनों कारोबारियों से बंद कमरे में लंबी पूछताछ की गई। टीम को आशंका है कि इस कारोबार में अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं।

रुड़की शहर के मछली मोहल्ले में पिछले काफी समय से प्रतिबंधित बेजुबान पक्षियों को पिंजरे में बंद करके कड़ाके की धूप में छत पर रखा गया था। बताया जा रहा है कि पक्षियों में तोते शामिल हैं। इसी बीच वन विभाग के वन दारोगा आशुतोष को सूचना मिली कि मछली मोहल्ला में बिल्डिंग की छत पर बड़ी संख्या में प्रतिबंधित पक्षियों को पिंजरे में बंद कर छुपाकर रखा गया है। इस सूचना पर तत्काल वन दारोगा आशुतोष टीम के साथ मौके पर पहुंचे। छत पर पहुंचकर देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि बड़ी संख्या में प्रतिबंधित पक्षियों को पिंजरों में कैद किया हुआ था। इसके बाद उन्होंने सभी पिंजरों को कब्जे में ले लिया। इसी के साथ दो कारोबारियों को भी हिरासत में लिया गया। इसके बाद विभाग की टीम उन्हें अपने कार्यालय ले गई। वहां पर हिरासत में लिए गए दोनों लोगों से वन विभाग की टीम ने पूछताछ की। टीम जानकारी जुटा रही है कि ये तोते कहां से लाए जाते थे. इनको कहां-कहां पर बेचा जाता था। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा रही। उधर इस छापामार कार्रवाई से अन्य दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

वन विभाग के रेंजर विनय राठी ने बताया कि हिरासत में लिए गए दोनों कारोबारियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया गया है।

### पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**देहरादून** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पहलगाम (जम्मू कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सी.सी.एस. की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज कर दी गई है तथा पुलिस महानिदेशक को पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें वापस भेजने की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को जारी वीजा के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती द्वारा पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक अभिसूचना व सुरक्षा के साथ आयुक्त तथा पुलिस महानिरिक्षक गढ़वाल एवं कुमाऊं को प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया है, कि विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम (जम्मू कश्मीर) में हुई आतंकवादी घटना के दृष्टिगत पाकिस्तानी नागरिकों के लिए जारी वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के संदर्भित पत्र की अपेक्षा के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। अपर सचिव गृह द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के वर्णित पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को निर्गत वर्तमान में सभी वैध वीजाओं को दिनांक 27.04.2025 से निरस्त (त्मअवामक) किये जाने संबंधी सूचना से भी अवगत कराया गया है।

# सम्पादकीय

## जाति- एक आधुनिक समाज में मध्यकालीन सोच

अब बात करें उस दूसरी बड़ी सामाजिक बीमारी की—जातिवाद की। भारत में जाति एक ऐसी संरचना है जो जन्म के आधार पर व्यक्ति की सामाजिक हैसियत, पेशा, अधिकार और यहां तक कि जीवन-मरण के अवसर भी तय करती है। भारतीय संविधान ने भले ही जातिवाद को गैरकानूनी घोषित कर दिया हो, लेकिन सामाजिक मानसिकता में इसकी जड़ें आज भी उतनी ही गहरी हैं। आज भी देश के कई हिस्सों में दलितों को मंदिरों में प्रवेश नहीं मिलता, उनके लिए अलग कुएं या नल होते हैं, स्कूलों में उनके बच्चों को अलग बैठाया जाता है, और उनके स्पर्श मात्र से वस्तुएं %अपवित्र% मानी जाती हैं। हाथ से मैला उठाने जैसी अमानवीय प्रथा आज भी समाप्त नहीं हुई है। ऐसे उदाहरण रोज़ सामने आते हैं जब दलित युवक को ऊंची जाति की लड़की से प्रेम करने के लिए मार दिया जाता है, या जब किसी गांव में सिर्फ इस वजह से उनके घरों में आग लगा दी जाती है कि उन्होंने %मर्यादा% लांघी। यह कितना त्रासद है कि वही समाज जो गोमूत्र को औषधि मान सकता है, वह एक इंसान के छूने मात्र से पानी को अपवित्र मानता है। इस विरोधाभास की जड़ें कहीं और नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संरचना में छिपी हुई हैं। धर्म के नाम पर आस्था को हथियार बनाकर लोगों की सोच को नियंत्रित किया गया। धर्मग्रंथों की मनमानी व्याख्याओं के ज़रिए एक वर्ग को %ऊंचा% और दूसरे को %नीचा% साबित किया गया। जो सवाल उठाए, वह %धर्म विरोधी% करार दे दिया गया। राजनीति ने भी इस व्यवस्था को खूब पोषित किया। जातियों को वोट बैंक में बदल दिया गया। आरक्षण के नाम पर नफरत फैलाई गई, लेकिन जातिगत अत्याचार को खत्म करने के लिए न ठोस प्रयास किए गए, न इच्छाशक्ति दिखाई गई। आस्था के नाम पर जनता को भावनात्मक रूप से बांधा गया, और वैज्ञानिक सोच को 'पश्चिमी विचारधारा' बताकर नकार दिया गया।

## 3DGlobal IT Consulting Pvt. Ltd. ने वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में कर्मचारियों को वियतनाम की 5 दिवसीय यात्रा पर ले जाकर रचा यादगार इतिहास



हनोई, वियतनाम । भारत की अग्रणी आईटी एवं ETRM (एनर्जी ट्रेडिंग एंड रिस्क मैनेजमेंट) समाधान प्रदाता कंपनी, 3DGlobal IT Consulting Private Limited ने अपने वार्षिक दिवस को एक खास और प्रेरणादायक अनुभव में बदलते हुए, अपनी पूरी टीम को 5 दिन के अंतरराष्ट्रीय टूर पर वियतनाम ले जाकर यह जता दिया कि कंपनी की असली ताकत उसके कर्मचारी ही हैं।

**यात्रा की शुरुआत - हनोई से एक नई शुरुआत**

इस अविस्मरणीय यात्रा की शुरुआत वियतनाम की राजधानी हनोई से हुई, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक विविधता और अद्भुत खानपान के लिए प्रसिद्ध है। कंपनी के कर्मचारी हनोई के प्रसिद्ध स्थलों जैसे होआन कीम झील, प्राचीन मंदिरों और लोकल नाइट मार्केट में घूमे, जहां उन्होंने वियतनामी कला, हस्तशिल्प और स्ट्रीट फूड का आनंद उठाया।

हनोई की सड़कों पर पैदल घूमते हुए, टीम के सदस्यों ने ना केवल एक नई संस्कृति को करीब से जाना बल्कि आपसी संवाद और सहयोग को भी मज़बूत किया। यह शुरुआत ही इस यात्रा को एक गहराई और उद्देश्य प्रदान कर गई।

**निन्ह बिन्ह - प्रकृति और आध्यात्म का संगम**

अगले पड़ाव पर टीम पहुँची निन्ह बिन्ह, जिसे वियतनाम का ड्राई हॉलोंग बे卐 कहा जाता है। यहाँ की खूबसूरत हरियाली, पहाड़ियों से घिरी घाटियाँ और ट्रैंग एन की गुफाओं में नौका विहार का अनुभव बेहद मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा। कर्मचारियों ने पारंपरिक नावों में बैठकर नदी के किनारे-किनारे गुफाओं और प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए।

यह स्थान न केवल प्राकृतिक रूप से सुंदर था, बल्कि एक आध्यात्मिक ऊर्जा से भी परिपूर्ण था जिसने सभी के मन को शांति दी। यह दिन आत्मनिरीक्षण, विश्राम और प्रकृति से जुड़ने के लिए समर्पित रहा।

**हैलॉन्ग बे क्रूज़ - रोमांच और उत्साह का संगम**

टूर का सबसे शानदार हिस्सा रहा हैलॉन्ग बे क्रूज़, जो विश्व धरोहर स्थलों में से एक है। नीले समंदर और आसमान के बीच, क्रूज़ के डेक पर खड़े होकर जो दृश्य देखने को मिले, वह किसी सपने से कम नहीं था। टीम ने शानदार क्रूज़ पार्टी, लाइव म्यूजिक, डांस, सी-फूड डिनर, कयाकिंग और सनसेट व्यू का पूरा आनंद उठाया।

समंदर की लहरों पर हँसी-मज़ाक, संगीत, और टीम के बीच बढ़ता आत्मीय रिश्ता इस टूर को और भी यादगार बनाता चला गया। यह अनुभव सिर्फ एक पर्यटन यात्रा नहीं, बल्कि एक तरह की सामूहिक यात्रा रही जिसने टीम को एक परिवार में बदल दिया।

इस टूर को यादगार बनाने वाली टीम - Mech Journey Pvt. Ltd.

इस यात्रा को सफलता और सहजता से पूर्ण कराने में अहम भूमिका निभाई Mech Journey Private Limited की टीम ने, जिसे नेतृत्व प्रदान किया श्री देवेंद्र डिमरी जी ने। उनकी योजना, संयोजन और प्रोफेशनल एप्रोच ने सुनिश्चित किया कि कंपनी के सभी कर्मचारी हर मोड़ पर सुरक्षित, खुश और प्रेरित महसूस करें।


इसके साथ ही, स्थानीय टूर गाइड 'फॉम (Phom)' का योगदान भी सराहनीय रहा, जिन्होंने पूरे टूर के दौरान टीम को वियतनाम की संस्कृति, इतिहास, भोजन और जीवनशैली से परिचित कराया। फॉम की हँसमुख प्रकृति और सहायक रवैये ने सभी के दिल जीत लिए।

**नेतृत्व की सोच - कर्मचारियों की भलाई सर्वोपरि**

3DGlobal IT Consulting Pvt. Ltd. की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती रेनू शर्मा और को-फाउंडर श्री प्रतीक कुमार शर्मा ने इस आयोजन को विशेष रूप से सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री प्रतीक कुमार शर्मा, जो स्वयं पिछले कई वर्षों से ETRM डोमेन में टेक्नो-फंक्शनल कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं, ने कहा-हमारी कंपनी में हम मानते हैं कि कर्मचारियों का सच्चा मूल्य उनके काम से कहीं बढ़कर होता है। यह टूर केवल एक इनाम नहीं था, बल्कि उन सभी पलों का उत्सव था जो हमने एक साथ बिताए हैं - चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट्स, सफल डिलीवरीज़, और मिलकर किए गए प्रयासों का उत्सव।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि श्ञ्रक्रूजैसे जटिल और तेज़-रफ्तार डोमेन में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए इस तरह के ब्रेक्स और टीम अनुभव आवश्यक हैं ताकि मानसिक तरोताज़गी के साथ टीम एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ सके।




## विद्यालयों के कोटिकरण की विसंगतियां होंगी दूर: डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों के कोटिकरण की विसंगतियों को दूर किया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को कोटिकरण के ठीक से जांच पड़ताल करने के निर्देश दिये गये हैं। विद्यालयों में लम्बे समय से गायब चल रहे शिक्षकों व कर्मचारियों को बर्खास्त करने को भी अधिकारियों को कहा गया। इसके अलावा विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें समय पर पहुंचाने और छात्र-छात्राओं को वितरित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरूवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में शिक्षा विभाग की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें विभागीय उच्चाधिकारी सहित गढ़वाल मंडल के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में डॉ. रावत ने विद्यालयों के कोटिकरण विसंगतियों पर भारी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्ममों से उन्हें विद्यालयों के गलत कोटिकरण की शिकायत मिली है, जिसका पुन: परीक्षण किया जाना जरूरी है। इसके लिये उन्होंने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को प्रकरण की जांच कर मानकानुसार विद्यालयों के कोटिकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में विभागीय मंत्री ने विद्यालयों से लम्बे समय से गैरहाजिर शिक्षकों एवं कार्मिकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों व कार्मिकों का जनपद व विकासखण्डवार सूची तैयार कर महानिदेशालय को उपलब्ध कराई जाय। साथ ही स्वैच्छिक व अनिवार्य सेवानिवृत्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने और शिक्षण कार्य में अक्षम शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के निर्देश भी दिये। विभगाय मंत्री डॉ. रावत ने विद्यालयों में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें के प्राप्ति व वितरण की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को कक्षा-01 से लेकर कक्षा-12 तक की समस्त विषयों पाठ्य पुस्तकें अनिवार्य रूप से विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकों को समय पर वितरण न किये जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# श्रीनगर पहुंचे सेना प्रमुख, आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की ले रहे हैं जानकारी

**श्रीनगर,एंजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे हैं। यहां सेना के कमांडर्स ने जनरल द्विवेदी को मौजूदा हालात और आतंकियों के खिलाफ सेना द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात के बारे में भी जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर कुछ जगहों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी हुई, जिसकी शुरुआत पाकिस्तान ने की थी। भारतीय सेना ने इसका प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आर्मी चीफ का यह दौरा काफी अहम है। भारतीय सेना प्रमुख यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर का यह दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों पर जाएंगे। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान उन्हें आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी जा रही है।




जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना के टॉप कमांडर्स आर्मी चीफ को सैन्य संरचनाओं की भी जानकारी देंगे। आर्मी चीफ कश्मीर घाटी और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों द्वारा किए गए आतंकवाद विरोधी उपायों की भी जानकारी ले रहे हैं। आर्मी चीफ की इस विजिट के दौरान सेना की 15 कोर के कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य कमांडर मौजूद रहे।

सेना प्रमुख अवंतीपोरा में विक्टर फोर्स के मुख्यालय का दौरा करेंगे। यह सेना का एक डिवीजन है जो दक्षिण कश्मीर में ऑपरेशन का प्रभारी है। वे फील्ड पर ऑपरेशनल कमांडरों से मिलेंगे और प्राप्त इनपुट्स की समीक्षा करेंगे। सेना प्रमुख को मौजूदा ऑपरेशन की स्थिति तथा निकट भविष्य के लिए तैयार किए जा रहे सुरक्षा तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। जनरल द्विवेदी अपने जम्मू कश्मीर दौरे के दौरान श्रीनगर में चिनार कोर के मुख्यालय का भी दौरा करेंगे। यहां वे उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचेंद्र कुमार तथा 15 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव से मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में व्यापक सुरक्षा समीक्षा की जाएगी तथा सैन्य योजनाओं व आवश्यक बदलावों पर चर्चा की जा सकती है।

गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सेना ने इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर गोलियां बरसाई थीं। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद से सेना व सुरक्षाबलों ने संदिग्ध स्थानों की घेराबंदी कर रखी है। सेना बल हेलीकॉप्टर के जरिए भी निगरानी कर रही हैं।

## पीएनबी बैंक से फ्रॉड करने वालों पर ईडी रेड , राजस्थान में 10 ठिकानों पर छापेमारी, 25 करोड़ का फर्जीवाड़ा उजागर




**जयपुर ,एंजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े 25 करोड़ रुपये के फ्रॉड मामले में बड़ी कार्रवाई की। जयपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर सहित राजस्थान के 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई श्रीगंगानगर निवासी अमनदीप चौधरी और उसके साथियों के खिलाफ की जा रही है, जिन पर बैंक से धोखाधड़ी कर लोन लेने और फिर उस धन का दुरुपयोग करने का आरोप है।

ईडी सूत्रों के अनुसार अमनदीप चौधरी ने एक वेयरहाउस में रखे माल को गिरवी रखकर क्कह्क्क्च से 25 करोड़ रुपए का लोन लिया। लेकिन बाद में उसने बैंक को बिना जानकारी दिए वह माल बाजार में बेच दिया। इस फर्जीवाड़े में अमनदीप की पत्नी सुनीता चौधरी और एक अन्य आरोपी ओम प्रकाश भी शामिल हैं। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर बैंक को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची और लोन की राशि का गलत इस्तेमाल किया।

इस मामले की स्नढ्डक्र वर्ष 2020 में एंटी करप्शन ब्यूरो (ष्टक्च) द्वारा जोधपुर में दर्ज की गई थी। ईडी ने अब इस मामले को मनी लॉन्ड्रिंग की धारा के तहत जांच में लिया है। शुक्रवार को जयपुर में तीन, बीकानेर में दो और हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर में कुल पांच ठिकानों पर एक साथ रेड की गई।

छापेमारी के दौरान ईडी की टीमों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और संपत्तियों से संबंधित कागजात बरामद किए हैं। जांच एजेंसी अब इन सभी दस्तावेजों का विश्लेषण कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि फ्रॉड से प्राप्त धनराशि का कहां और कैसे इस्तेमाल किया गया।

फिलहाल ईडी की जांच जारी है और एजेंसी की ओर से यह संकेत दिए गए हैं कि आने वाले दिनों में इस मामले में पूछताछ और संभवतः गिरफ्तारियों की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। ईडी की यह कार्रवाई बैंकिंग फ्रॉड के मामलों में लगातार हो रही सख्ती को दर्शाती है।

क्कह्क्क्च बैंक पहले भी बड़े घोटालों की वजह से सुर्खियों में रहा है और अब राजस्थान में सामने आया यह मामला फिर से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। ईडी की जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

## पहलगाम हमले के बाद महाराष्ट्र लौटेंगे 232 पर्यटक, फडणवीस सरकार ने किया विशेष उड़ानों का प्रबंध

**मुंबई ,एंजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद महाराष्ट्र के पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए राज्य सरकार ने विशेष उड़ानों की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर अब तक लगभग 500 पर्यटक श्रीनगर से मुंबई लौट चुके हैं। आज इंडिगो की तीसरी विशेष उड़ान 232 पर्यटकों को लेकर दोपहर में श्रीनगर से रवाना होगी और शाम को मुंबई पहुंचेगी।

पहलगाम के बैसरन वैली में हुए इस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें महाराष्ट्र के छह पर्यटक भी शामिल थे। इस घटना के बाद कश्मीर में फंसे पर्यटकों में दहशत फैल गई, जिसके चलते महाराष्ट्र सरकार ने तुरंत उनके लौटने की व्यवस्था की। गुरुवार को इंडिगो और एयर इंडिया की दो विशेष उड़ानों के जरिए 184 पर्यटकों को श्रीनगर से मुंबई लाया गया। इनमें से एक उड़ान में 65 पर्यटक सुबह मुंबई पहुंचे थे। सभी खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है।

आज की तीसरी विशेष उड़ान (इंडिगो 6श्व 3251) 232 पर्यटकों को लेकर शाम 5¬45 बजे मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर उतरेगी। इस उड़ान में शामिल यात्रियों की सूची राज्य सरकार ने पहले ही जारी कर दी है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल इस पर निगरानी रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जरूरत पडने पर और विशेष उड़ानें संचालित की जाएंगी ताकि सभी पर्यटक सुरक्षित घर लौट सकें। महाराष्ट्र सरकार ने श्रीनगर में फंसे पर्यटकों की सहायता के लिए वरिष्ठ बीजेपी नेता और मंत्री गिरीश महाजन को वहां भेजा है। मुंबई हवाई अड्डे पर व्यवस्था संभालने के लिए बीजेपी नेता आशीष शेलार और मंगल प्रभात लोढ़ा को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, सरकार ने मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई किराए को नियंत्रित करने के लिए पहले ही एयरलाइंस को निर्देश जारी कर दिए थे।

## जुमे की नमाज के बाद आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए शांति की हो दुआ : फरंगी महली

**लखनऊ ,एंजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में कई लोगों की जान चली गई। इस हमले को लेकर देशभर में गुस्सा और आक्रोश है। भारत के अलग-अलग शहरों में इसे लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, इस मामले को लेकर लखनऊ ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने जुमा की नमाज के दौरान तमाम इमामों से मृतकों के लिए दुआ की अपील की है।

इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने एक जारी बयान में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जो दहशतगर्दी की घटना हुई है, उसने पूरे देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। हर इंसान इस घटना से दुखी है। जिनके घरों के लोग इस हमले का शिकार हुए, वे और दुखी हैं। जो घायल हुए हैं, उनके परिवार के लोग भी परेशानी में हैं। जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है, हमारी सरकार से मांग है कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी और सख्त सजा दी जाए, ताकि वे ऐसी हरकत भविष्य में न कर सकें।

उन्होंने कहा कि तमाम इमामों और हजरातों से अपील करता हूं कि आज जुमे की नमाज के बाद इस घटना में मारे गए लोगों के लिए शांति की दुआ करें। अपने मुल्क की हर तरह से दहशतगर्दी से हिफाजत के लिए और जो इस हादसे का शिकार हुए हैं, उनके घरवालों के साथ हमदर्दी, जो घायल हैं, उन्हें जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ की जाए। इसके अलावा यह भी दुआ हो कि हमारे मुल्क को हर तरह की हिंसा से हमेशा के लिए निजात दिलाएं। क्योंकि आज जुमे के दिन को बहुत ही मुबारक माना जाता है। इसमें हुई दुआ को ईश्वर स्वीकार करते हैं। इस कारण इन दुआओं को जरूर शामिल किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर में तोड़ी जा रही आतंकियों की कमर, सेना ने मार गिराया लश्कर का बड़ा कमांडर

नई दिल्ली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना एक्शन मोड में है। इस बीच सेना ने बंदीपोरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अल्ताफ लल्ली को मुठभेड़ में मार गिराया है।

पहलगाम में हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों का स्कैच भी जारी किया गया है। पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। बुधवार को आतंकवादियों ने 26 मासूम पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद से ही घाटी में भारतीय सेना ने अभियान तेज कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना सेना को मिली थी। इसके बाद जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर साझा तलाशी अभियान चलाया गया। लोकेशन का पता लगने के बाद आतंकियों के साथ लंबी मुठभेड़ भी हुई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के लिए रवाना, भारत-सऊदी संबंधों को मिलेगी मजबूती

**नईदिल्ली,एंजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए रवाना हुए। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर हो रही है।

अपने इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत-सऊदी अरब के ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने के लिए चर्चा करेंगे। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि क्षेत्रीय शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के बाद से भारत और सऊदी अरब के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में भारत-सऊदी संबंधों ने रणनीतिक गहराई और गति प्राप्त की है। पीएम मोदी की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है, जबकि उनसे




पहले सभी प्रधानमंत्री 7 दशकों में कुल मिलाकर 3 बार सऊदी अरब गए थे। यह खाड़ी क्षेत्र के किसी देश की उनकी 15वीं यात्रा भी है। सऊदी अरब रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा, मैं जेद्दा, सऊदी अरब जा रहा हूं। वहां मेरी कई बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल होने की योजना है। भारत सऊदी अरब के साथ अपने पुराने रिश्तों को बहुत महत्व देता है। पिछले दस सालों में हमारे आपसी संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़े हैं। मुझे रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक में भाग लेने का इंतजार है। मैं वहां भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलूंगा।

वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी पीएम मोदी ने भारत और सऊदी अरब के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने बयान में कहा गया कि भारत सऊदी अरब के साथ अपने लंबे और ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देता है, जिसने हाल के वर्षों में रणनीतिक गहराई और गति प्राप्त की है। साथ मिलकर, हमने रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी और ठोस साझेदारी विकसित की है। क्षेत्रीय शांति, समृद्धि, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा रुचि और प्रतिबद्धता है। पिछले एक दशक में सऊदी अरब की मेरी यह तीसरी यात्रा होगी और ऐतिहासिक शहर जेद्दा की पहली यात्रा होगी।

बता दें कि यह प्रधानमंत्री मोदी की खाड़ी देश की तीसरी यात्रा होगी, इससे पहले वह 2016 और 2019 में रियाद जा चुके हैं। यह दौरा भारत और सऊदी अरब के बीच गहराते रणनीतिक संबंधों को दर्शाता है, खासकर ऊर्जा सहयोग, व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में। यह यात्रा सितंबर 2023 में नई दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की भारत यात्रा और भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक के बाद हो रही है।

## दिल्ली में भीषण गर्मी और बिजली कटौती पर आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता पर साधा निशाना




**नईदिल्ली,एंजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बढ़ती गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। दिल्ली में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, और इस भीषण गर्मी के बीच कई इलाकों में रात के समय घंटों तक बिजली गुल रही। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सवाल किए हैं। आतिशी ने कहा कि राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में लंबे-लंबे पावरकट लगे हैं, जिससे लोग बेहद मुश्किल में हैं। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दावा है कि दिल्ली में कहीं कोई बिजली कटौती नहीं हो रही और लोग खुद कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपनी लाइटें बंद कर रहे हैं।

आतिशी ने सवाल किया, क्या सोशल मीडिया पर सभी दिल्लीवासी झूठ बोल रहे हैं? क्या सभी ने कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपनी लाइटें बंद कर मोमबत्तियां जला ली हैं?


उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्लीवासियों का मजाक उड़ाने के बजाय बिजली समस्या का समाधान करना चाहिए। आतिशी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में बताया कि कैसे उन्हें देर रात तक अलग-अलग इलाकों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही थीं।

उन्होंने बताया कि भजनपुरा में रात 11:05 बजे बिजली गुल होने की शिकायत, संगम विहार (सी-ब्लॉक) में रात 12:44 बजे बिजली न होने की जानकारी, कमला नगर में रात 1:51 बजे एक घंटे से ज्यादा की बिजली कटौती, जीवन पार्क, उत्तम नगर में रात 1:52 बजे एक घंटे से ज्यादा बिजली गुल, सेक्टर 2, द्वारका में रात 1:53 बजे से दो घंटे से ज्यादा बिजली नहीं, सोनिया विहार में सुबह 4:16 बजे से लगातार बिजली नहीं, भोगल में सुबह 4:26 बजे से एक घंटे से ज्यादा की बिजली कटौती।

आतिशी ने दावा किया है कि ये सब शिकायतकर्ता भाजपा समर्थक हैं। इसके अलावा, कोटला मुबारकपुर के लोगों ने लगातार वोल्टेज फ्लक्चुएशन की शिकायत की। नेता प्रतिपक्ष ने दोहराया कि दिल्ली में जगह-जगह से ऐसी शिकायतें मिल रही हैं। क्या यह सब झूठ है? क्या कमला नगर, संगम विहार, भोगल, उत्तम नगर जैसे इलाके काल्पनिक हैं? आतिशी ने मुख्यमंत्री से अपील की कि जनता की पीड़ा को समझें और उसका हल निकालें। उन्होंने कहा, दिल्लीवाले पावरकट नहीं चाहते। उन्हें राहत चाहिए, मजाक नहीं।

## भाजपा सांसद ने खास बैग से गांधी परिवार को घेरा, 'नेशनल हेराल्ड' मामले पर पूछे तीखे सवाल

**नईदिल्ली,एंजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज मंगलवार को संसद भवन में 'एक देश, एक चुनाव की संयुक्त संसदीय समिति' की बैठक में शामिल होने पहुंचीं, तो उनके बैग ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के बैग पर लिखा था, 'नेशनल हेराल्ड की लूट।'



उन्होंने अपने बैग के जरिए गांधी परिवार पर सांकेतिक तरीके से निशाना साधने की कोशिश की।

इसके साथ ही इसी संबंध में उनका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार पर सवाल उठाती दिख रही हैं।

इस वीडियो में भाजपा सांसद कहती हुई नजर आ रही हैं, यह पहली बार है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया को लेकर भी भ्रष्टाचार हुआ है। हाल ही में जो चार्जशीट ईडी ने दाखिल की है, उससे कई तरह के गंभीर आरोप उजागर होते हैं, इसमें कांग्रेस की एक पुरानी कार्यशैली उभरकर सामने आ रही है।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा, वह सेवा की आड़ में अपनी व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ाने में जुटी है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति कौड़ियों के भाव मात्र 50 लाख रुपए में यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी ने हड़प ली। यह ऐसी कंपनी है, जिसका 76 फीसदी स्वामित्व गांधी परिवार के पास है, इसलिए उनकी जवाबदेही बनती है, न केवल देश की जनता के सामने, बल्कि 25 अप्रैल को कोर्ट के सामने भी।

खास बात यह है कि भाजपा के तमाम दिग्गज नेता नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस और गांधी परिवार पर सवालिया निशान उठा रहे हैं। भाजपा का कहना है कि नेशनल हेराल्ड मामले से कांग्रेस पार्टी का असली चरित्र देश की जनता के सामने आ गया है। कांग्रेस और गांधी परिवार ने जिस तरह से नेशनल हेराल्ड घोटाले को अंजाम दिया, उसके लिए उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

यहां तक कि भाजपा सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन भी कर चुकी है।

## इस मशहूर एक्टर के घर गूंजी किलकारी, सोशल मीडिया पर पोस्ट की बेबी गर्ल के हाथों की फोटो

चेन्नई। साउथ के मशहूर एक्टर और निर्माता विष्णु विशाल के घर किलकारी गूंजी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' अकाउंट के जरिए बताया कि उनकी पत्नी ज्वाला गुट्टा ने बेटी को जन्म दिया है। 'एक्स' पोस्ट में विष्णु विशाल ने अपनी पत्नी और बेबी गर्ल के हाथों में हाथ डाले हुए एक तस्वीर पोस्ट की। इसके अलावा उन्होंने एक और तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका बेटा बेबी गर्ल की ओर एक बड़ी मुस्कुराहट के साथ देख रहा है। इन सब में खास बात यह है कि बेबी का जन्म एक्टर की चौथी शादी की सालगिरह पर हुआ है। एक्टर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारी बेटी हुई है। आर्यन अब बड़ा भाई है। आज हमारी शादी की चौथी सालगिरह है और इस खास दिन पर हमें भगवान से खास तोहफा मिला है। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। बता दें कि विष्णु विशाल की शादी पहले रजनी नटराज से 2011 में हुई थी। 2017 में उनके बेटे आर्यन का जन्म हुआ और 2018 में दोनों ने तलाक लेने का फैसला किया। इसके बाद एक्टर ने 22 अप्रैल, 2021 को हैदराबाद में बैडमिंटन स्टार ज्वाला गुट्टा से शादी की।

# प्राजेक्ट कुठालगेट में मा0 सीएम के निर्देशानुसार बड़ा मकसद लेकर चलें हैं सविन

सिर्फ एक्सीडेंट न्यूनीकरण नहीं, नई स्लीप रोड, पर्वतीय संस्कृति प्रदर्शन को संभव कर दिखया जिला प्रशासन ने

गहन विश्लेषण पश्चातः प्रशासन की पड़ी नजर तो कुठालगेट पर निकाल ही दी नवीन साइड मोटोरेबल स्लिप रोड

मा0 सीएम के प्रताप से चिट्ठी पत्र, मंथन, वाद-विवाद पूर्व ही धरातल पर उतर जाते हैं, आजकल जिला प्रशासन के कामः

डिजाईन, सर्वे, कान्सेप्ट तो ज्वाइनिंग के दूसरे माह की कर लिया था तैयारः निरंतर संगठित करने में लगे थे धनराशि

कुठालगेट को परम्परागत शैली, के साथ विकसित कर बनाया जा रहा है भव्य,

मा0 मुख्यमंत्री के ''संस्कृति परम्परा'' संवर्धन के साथ विकास की अवधारणा के संकल्प को फलीभूत करते डीएम

कुठालगेट सौन्दर्यीकरण, साइड रोड कार्य युद्धस्तर पर जारी, मानसून पूर्व समयावधि तय

जनमन, पर्यटकों को सुगम सुविधा, लोक परम्परा सस्कृति, पहाड़ी शैली के दर्शन

जाम से मिलेगा निजात, दुर्घटना में आएगी कमी, लाखों पर्यटक धरोहरों, पर्वतीय संस्कृति संजोकर ले जाएंगे।

डीएम कर चुके हैं स्थलीय निरीक्षण, स्वंय कर रहे हैं मॉनिटिरिंग



**देहरादून।** देहरादून का कुठालगेट अब केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति और आधुनिक विकास का प्रतीक बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी सविन बंसल की दूरदर्शी सोच ने इस क्षेत्र को नई पहचान दी है।

कुठालगेट में नई स्लिप रोड, सौंदर्यीकरण और पर्वतीय संस्कृति के प्रदर्शन का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, जो मानसून से पहले पूरा होने की राह पर है। यह परियोजना न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि पर्यटकों को पहाड़ी संस्कृति की झलक भी देगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कुठालगेट को सिर्फ दुर्घटना न्यूनीकरण का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि इसे एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने का सपना देखा। गहन विश्लेषण और स्थलीय निरीक्षण के बाद, प्रशासन ने कुठालगेट पर दो नई मोटोरेबल स्लिप रोड बनाईं, जो यातायात को सुचारु करेंगी और जाम की समस्या से निजात दिलाएंगी। सविन बंसल स्वयं इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो। उनकी कार्यशैली में तेजी और पारदर्शिता झलकती है, जो इस परियोजना को और भी खास बनाती है। कुठालगेट का सौंदर्यीकरण पारंपरिक पहाड़ी शैली में किया जा रहा है, जो उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जीवंत करेगा। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल सुगम यातायात का लाभ उठाएंगे, बल्कि पर्वतीय धरोहरों और कला को भी करीब से देख सकेंगे। मुख्यमंत्री की "संस्कृति और परंपरा संवर्धन" की अवधारणा को साकार करते हुए, यह परियोजना विकास और सांस्कृतिक संरक्षण का शानदार उदाहरण है। स्लिप रोड के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, जबकि सौंदर्यीकरण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

कुठालगेट परियोजना की सबसे बड़ी खासियत है इसकी समयबद्धता। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मानसून से पहले सभी कार्य पूरे हों। इसके लिए संसाधनों को दोगुना किया गया है, और मैनपावर, मशीनरी व सामग्री की कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही। सविन बंसल ने अपने कार्यकाल के शुरुआती महीनों में ही इस परियोजना का डिजाइन, सर्वे और कॉन्सेप्ट तैयार कर लिया था, जो उनकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। धनराशि के संगठन से लेकर कार्यान्वयन तक, हर कदम पर पारदर्शिता बरती गई है। कुठालगेट का नया स्वरूप न केवल देहरादून के निवासियों, बल्कि लाखों पर्यटकों के लिए भी राहत लेकर आएगा। यातायात की सुगमता, दुर्घटनाओं में कमी और सांस्कृतिक प्रदर्शन का अनुभव इस क्षेत्र को एक अनूठा पर्यटन स्थल बनाएगा। मजबूत करेगी, क्योंकि यहाँ आने वाले पर्यटक पहाड़ी संस्कृति की यादें अपने साथ ले जाएंगे। स्थानीय लोगों के लिए, यह चौराहा अब जाम और असुविधा का पर्याय नहीं, बल्कि गर्व का विषय होगा।

## यूसीसी पोर्टल पर पंजीकरण के लिए न्याय पंचायतों में लगेंगे शिविर, रोस्टर जारी

**देहरादून, ब्यूरो।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अंतर्गत विवाह आदि पंजीकरण के लिए देहरादून में प्रत्येक न्याय पंचायत में शिविर लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह के निर्देशों पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने न्याय पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों का रोस्टर जारी कर दिया है। शिविरों का यह आयोजन नागरिकों की सुविधा के लिए न्याय पंचायत स्तर पर किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी शादी, विवाह, तलाक इत्यादि का स्थानीय स्तर पर पंजीकरण करवा सकें। देहरादून के विकासखंड न्याय पंचायत वार शिविरों के आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में प्रतिभाग करते हुए यूसीसी के अंतर्गत अपना पंजीकरण कराए। विकासखंड चकराता के अंतर्गत न्याय पंचायत बुनाड बास्तिल में 28 अप्रैल, भुनाड में 29 अप्रैल, काण्डोई बोन्दर में 30 अप्रैल, मिण्डाल में 26 अप्रैल, डिमिच भन्द्रोली में 03 मई, दसऊ में 25 अप्रैल, बेगी में 02 मई, जाडी में 22 अप्रैल तथा रंगेऊ में 01 मई को पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा।

जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि विकासखंड कालसी में 09 न्याय पंचायत है। जिसमें न्याय पंचायत डागूरा में 21 अप्रैल, कोरूवा में 23 अप्रैल, नराया में 26 अप्रैल, भंजरा में 25 अप्रैल, कोटी में 30 अप्रैल, कालसी में 01 मई, उद्पाल्टा में 05 मई, खाडी में 07 मई तथा मुन्धान में रामलीला ग्राउंड में 08 मई को पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। विकासखंड विकासनगर के अंतर्गत न्याय पंचायत धर्मावाला में 21 अप्रैल, सोरना में 23 अप्रैल, एनफील्ड में 26 अप्रैल, सभावाला में 28 अप्रैल तथा लाघां में 30 अप्रैल को पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। विकासखंड सहसपुर के अंतर्गत भगवन्तपुर में 22 अप्रैल, आरकेडिया ग्रान्ट में 23 अप्रैल, आमवाला में 28 अप्रैल, रामपुर भाऊवाला में 30 अप्रैल, झाझरा में 02 मई तथा सहसपुर में 05 मई को पंजीकरण शिविर लगाया जाएगा। विकासखंड डोईवाला के अंतर्गत रानीपोखरी ग्रान्ट में 21 अप्रैल, माजरीग्रान्ट में 22 अप्रैल, मारखमग्रान्ट में 23 अप्रैल तथा श्यामपुर में 25 अप्रैल को शिविर लगाया जाएगा।



# थाना देघाट ने स्कूल में लगाई जागरूकता पाठशाला

## छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में दी जानकारियाँ



**अल्मोड़ा ।** श्री देवेन्द्र पींचा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकों/ थानाध्यक्षों, एसओजी/एएनटीएफ प्रभारियों को जनपद के स्कूलों, कॉलेजों, नगरों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रो में नशा मुक्त अभियान के तहत वृहद जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

आज दिनांक 22.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा श्री हरबन्स सिंह व सीओ रानीखेत श्री विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष देघाट श्री दिनेश नाथ महन्त द्वारा आर्य राजकीय इंटर कॉलेज देघाट, अल्मोड़ा के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गयी। छात्रों को नशे से दूर रहने व कोई गांव में यदि नशे से सम्बंधित सामान बेचता है तो पुलिस को सूचना देने के सम्बन्ध में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर ठगी जैसे- कस्टमर केयर फ्रॉड/गुगल फ्रॉड, एनीडेक्स, क्यूआर स्कैन फ्रॉड, जॉब फ्रॉड, हरुङ्ग फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजीटल अरेस्ट फ्रॉड, चङ्घष्ट अपडेट, क्ङ्क(डिजीटल पेमेंट), ऑन लाइन लोनिंग फ्रॉड, साइबर बुलिंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर हमेशा सजग रहने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों,डायल 112 ,एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नवीन कानूनों, महिला एवं बाल अपराध, संचार साथी ऐप व उत्तराखंड पुलिस हेल्प लाइन नम्बर 112, चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए दिए 25 लाख रुपये

### सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में की जन सुनवाई बैठकें

### सड़क, पेयजल, बिजली लाइन और अन्य कार्यों के लिए विधायक नि?धि से दिया पैसा



**अल्मोड़ा ।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के आधा दर्जन गांवों में जनता की समस्याओं की सुनवाई की और इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 25.5 लाख रुपये विधायक निधि से देने का ऐलान भी किया। इस धनराशि से सड़क, पेयजल, बिजली लाइन और अन्य कई कार्य किए जाने हैं। मंगलवार को मंत्री रेखा आर्या ने सबसे पहले सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महतगाँव स्थित माँ कालिका मन्दिर परिसर में जन बैठक कर जनता की समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान लोगों ने पेयजल, सड़क पक्की करने, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने जैसी समस्याएं उठाई। इनमें से कई समस्याओं का अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर समाधान कराया, बाकी समस्याओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंदिर में सौन्दर्यीकरण कार्यों के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपये और महिलाओं के समूह को रोजगार कार्य करने के लिए ढाई लाख रुपए देने का ऐलान किया।

इसके बाद सुतर गांव में जन बैठक कर लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने गांव के भैरव मंदिर में नवनिर्माण के लिए 2.50 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। साथ ही गांव की अनुसूचित जाति बस्ती में गोलू मंदिर में निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपये, गांव ककलना में कत्यूर देवता मंदिर में स्थल विकास के लिए 2.5 लाख रुपए और इसी गांव के कालिका मंदिर के रास्ते के निर्माण के लिए 1.5 लाख स्वीकृत किये। इसके बाद बूथ कुवाली क्षेत्र में शिव मंदिर व शनि मंदिर में निर्माण के लिए 1.5 लाख, पाखुला पेयजल लाइन के लिए 1.5 लाख रुपए, वूंगा रोड निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए और हरज्यू मंदिर लिलाड़ी के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि से 2 लाख स्वीकृत किए। इसके साथ ही कुवाली के श्री बद्रीनाथ मंदिर में भी सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य के लिए 2 लाख स्वीकृत किए।

दोपहरबाद मंत्री ने ग्राम पागसा में बैठक कर श्मशान घाट मार्ग निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपये और गांव में रेलिंग लगाने के लिए 1.5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपक बोरा, भुवन जोशी, दीवान सिंह, बलवंत सिंह, हेम पांडे, नरेंद्र बिष्ट, मंटू वर्मा, राज अधिकारी, हेमंत आर्य, रामू रावत, दिनेश वर्मा, कन्नू शाह आदि उपस्थित रहे।

## पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधाओं का खयाल रखना होगा: जिलाधिकारी



**अल्मोड़ा ।** वर्तमान पर्यटन सीजन में पर्यटकों की आवाजाही के दृष्टिगत जनपद के पर्यटक स्थलों में पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई, विद्युत एवं जलापूर्ति आदि के संबंध में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हमारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधाओं का खयाल रखना होगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटक स्थलों समेत जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। जागेश्वर धाम की व्यवस्थाओं के लिए उन्होंने कहा कि धाम में साफ सफाई नियमित हो, पार्किंग की व्यवस्था सुदृढ़ हो तथा शौचालय आदि की के लिए पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सीजन में सफाई कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती रहे। अरतोला पार्किंग के पास शौचालय की व्यवस्था की जाए। सोमेश्वर में आने वाली जाम की समस्या का भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया। उन्होंने पुलिस एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जाम का समाधान करने हेतु वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क मार्ग के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने जनपद में पेयजल एवं बिजली की समुचित आपूर्ति के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कहा कि बिजली लाइन में फॉल्ट आने पर उसको रिस्टोर जल्द से जल्द किया जाए। पंपिंग योजनाओं से पानी की नियमित एवं व्यवस्थित रूप से सप्लाई की जाए। जिन क्षेत्रों से पानी किल्लत की शिकायतें आ रही हैं, उन क्षेत्रों में प्राथमिकता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी विभागों से समन्वय बनाकर रखें। जिलाधिकारी ने क्वारब स्लाइडिंग जोन में चल रहे सुधारात्मक कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की तथा कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग जे एस ह्यांकि, पुलिस उपाधीक्षक अल्मोड़ा, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेड़-पौधे जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण के लिए अनिवार्य

**पिथौरागढ़,** ।विश्व पृथ्वी दिवस पर राजकीय महाविद्यालय मुवानी में पौधरोपण अभियान चलाया गया। मंगलवार को प्राचार्य डॉ.गिरीश चंद्र पंत ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि ये जलवायु संतुलन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण के लिए अनिवार्य हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने में योगदान दे। महाविद्यालय में हमारी पृथ्वी हमारा ग्रह विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान राजकमल किशोर,डॉ.सुधीर कुमार,डॉ.रुपेश कुमार,डॉ.नीमा जोशी,भावना,वीरेंद्र सिंह,धरम सिंह,हुकुम सिंह,अंशुल स्वरुप सहित अन्य प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले के चलते प्रधानमंत्री मोदी ने रोका सऊदी दौरा





**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए एक बर्बर आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. इस हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई. मरने वालों में नेपाल और यूएई के नागरिकों के साथ-साथ एक आईबी ऑफिसर और नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी शामिल हैं. इस घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब का अपना दौरा बीच में ही रद्द कर दिया और वह आधी रात को ही भारत लौट रहे हैं. कल सुबह वह कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे.

हमले की भयावहता- सूत्रों के अनुसार, दोपहर के समय जब पर्यटक पहलगाम की बैसरन घाटी के ऊपरी इलाकों में घुड़सवारी कर रहे थे, तभी चार आतंकियों ने उन पर अचानक हमला कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आतंकियों ने पंजाबी भाषा में पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और पहचान स्थापित होने के बाद अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान कई राउंड गोलियां चलाई गईं, जिससे घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई. हमले की खबर मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह तुरंत श्रीनगर पहुंचे. उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ एक आपातकालीन बैठक की. इस बैठक में स्थिति का जायजा लिया गया और आगे की कार्रवाई पर चर्चा की गई. इससे पहले, दिल्ली में गृह मंत्री ने आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी, सेना और सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हमले को चार आतंकियों ने अंजाम दिया, जिनमें से तीन पाकिस्तानी और एक स्थानीय बताया जा रहा है. सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है. खुफिया सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, आतंकी पर्यटक समूहों को निशाना बनाने की फिराक में थे. इस हमले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिसका मकसद घाटी में पर्यटकों की आवाजाही को रोकना और भय का माहौल पैदा करना है. गर्मियों के मौसम में घाटी में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ जाती है, जिसे आतंकी अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं. इस हमले की सर्वत्र निंदा हो रही है. कांग्रेस पार्टी ने सरकार को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए कहा है कि आतंकियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए. अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने भी पहलगाम हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया है. वहीं, घटना को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा, पहलगाम में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं. निर्दोष नागरिकों पर यह नृशंस हमला कायरतापूर्ण और अत्यधिक निंदनीय कृत्य है. मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं. इससे पहले दिन में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में कुछ नागरिक घायल गए थे. हालांकि, राज्य सरकार ने अभी तक हताहतों या घायलों के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. आतंकवादी हमले में घायल हुए पर्यटकों को पहलगाम के स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया है. इस घटना को लेकर भाजपा नेता शाहनावाज हुसैन ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए, उतनी कम है. इस घटना में जो भी लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा.

## वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा



**मुंबई ।** वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर यहां उपस्थित लोगों का उत्साह अत्यंत सुखद है। यह अधिनियम न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करता है। मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के विकास के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। बातचीत के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस कानून पर खुशी जाहिर की और पीएम मोदी का आभार जताया। हाजी पटेल ने कहा कि आज यहां पर एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में हम लोगों को विस्तार से बताया है। मैं समझता हूं कि केंद्र की मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लेते हुए वक्फ में संशोधन किया है। इस कानून से वक्फ की जमीनों का लाभ गरीब मुसलमानों को मिलेगा। अब तक जो मुसलमान जमीन की कमी होने के कारण सडकों पर रहने के लिए मजबूर थे। वह अब वक्फ की जमीन पर अपना घर बना सकेंगे। मैं एक बार फिर से पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का धन्यवाद करना चाहता हूं। सलीम बागवान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में बताया। हम लोगों को पूरा भरोसा है कि यह कानून गरीब मुसलमानों के हित को देखते हुए लाया गया है। जो लोग इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं वह अब तक सिर्फ मुसलमानों को अपना वोट बैंक समझते थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। वक्फ कानून से गरीब मुसलमानों को घर मिलेगा, कारोबार के लिए जगह मिलेगी। मैं पीएम मोदी का आभार जताना चाहता हूं।

## भूविज्ञान के विद्यार्थियों ने जाना अंतरिक्ष और धरती का रहस्य



**देहरादून, ब्यूरो।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छठे सेमेस्टर के छात्रों ने एक विशेष शैक्षणिक दौरे के अंतर्गत वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के साथ-साथ भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान एवं देहरादून स्थित प्रसिद्ध भू-आकृतिक स्थल सहस्त्रधारा का भ्रमण किया।

दौरे के प्रथम चरण में छात्रों ने भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान का अवलोकन किया, जो अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के अधीन एक अग्रणी शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान है। वर्ष 1966 में स्थापित इस संस्थान में मौजूद सेटेलाइट आधारित संग्रहालय छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यहाँ पर छात्रों ने सेटेलाइट, स्पेस सूट और अन्य अंतरिक्ष संबंधी तकनीकी उपकरणों को देखा और समझा। इस अवसर पर डॉ. हरिशंकर श्रीवास्तव, ग्रुप डायरेक्टर, पीपीईजी और जावेद (वरिष्ठ सहायक) ने छात्रों को भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान की कार्यप्रणाली, अंतरिक्ष विज्ञान में उसकी भूमिका, तथा पृथ्वी अवलोकन से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्होंने सैटेलाइट डाटा, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीकों के उपयोग को व्यावहारिक दृष्टि से समझाया। विभाग के शिक्षक डॉ. सौरभ बर्मन ने इस ज्ञानवर्धक सत्र के लिए ग्रुप डायरेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पश्चात छात्रों ने देहरादून से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध प्राकृतिक स्थल सहस्त्रधारा का भ्रमण किया। डॉ. सौरभ बर्मन ने बताया कि यह स्थल भूविज्ञान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ पाए जाने वाले सल्फर युक्त जलप्रपात त्वचा रोगों की प्राकृतिक चिकित्सा के लिए प्रसिद्ध हैं। चूने के स्टैलेक्टाइट्स, गंधक की प्रचुरता, और लगातार टपकते जल की गुफाएँ इसे एक अनोखी भू-आकृति बनाती हैं। स्थानीय किंवदंती के अनुसार, गुरु द्रोणाचार्य ने यहाँ तपस्या की थी और उनकी तीरों की वर्षा से यह जलधारा उत्पन्न हुई थी। सहस्त्रधारा की गुफाएँ, गंधक युक्त जल और प्राकृतिक रूप से तराशी गई शिलाएँ विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला की तरह रहीं।

दौरे के अंत में डॉ. वर्तिका शुक्ला ने छात्रों द्वारा पूछे गए भूविज्ञान संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपने शोध एवं अध्ययन में इस अनुभव को सार्थक रूप से सम्मिलित करें।

छात्रों ने इस अध्ययन यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभागाध्यक्ष प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. सौरभ बर्मन, डॉ. वर्तिका शुक्ला तथा समस्त शिक्षकों का आभार प्रकट किया। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि उन्हें धरती और आकाश के अद्भुत रहस्यों को जानने और समझने का अवसर भी मिला।

## उत्तराखण्ड के प्रवेश द्वार पर बनी मजार ध्वस्त



**उधमसिंहनगर, ।** उत्तराखण्ड के प्रवेश द्वार रुद्रपुर के इंदिरा रोड पर बनी अवैध मजार को राष्ट्रीय राजमार्ग और जिला प्रशासन की टीम ने हटा दिया। इस मजार को हटाने से पहले नोटिस जारी किया गया था। जिसे मंगलवार तड़के ध्वस्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक ही नाम की कई मजारे होने की सर्वे रिपोर्ट और राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में बाधक होने की वजह से इस मजार को हटाए जाने की कवायद पिछले कई दिनों से चल रही थी। इस नाम से यूपी में कई स्थानों पर अवैध मजारे है।

मंगलवार तड़के की गई प्रशासनिक कार्रवाई में इस अवैध संरचना को हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मार्ग चौड़ीकरण का काम तत्काल शुरू कर दिया। प्रोजेक्ट के मुताबिक ये मार्ग व्यस्त यातायात की वजह से जाम से ग्रसित रहता था अब इसे चौड़ा करके 6 लेन का बनाया जा रहा है। उत्तराखंड के प्रवेश द्वार के पहले चौराहे और यहां खटीमा-पानीपत और दिल्ली-अल्मोड़ा हाईवे मिलता है जिस कारण इस पर भारी यातायात चलता है। इस मजार को हटाने से पहले पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा लगाई थी और विद्युत आपूर्ति बंद करके जेसीबी मशीनों की रोशनी पर काम किया और आधे घंटे में इस काम को पूरा कर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि एनएच के अभियंताओं ने इस मार्ग को चौड़ा करने में आ रही बाधाओं का जिक्र किया था जिस पर आज उन्होंने कार्रवाई की गई। रोड चौड़ी कर चौराहे पर यातायात के प्रेशर को कम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड की धामी सरकार अभी तक 534 ऐसी अवैध संरचनाओं को हटा चुकी है।

# मैंने रिजल्ट के बारे में सोचना छोड़ दिया है : सैयामी खेर




अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपने करियर को लेकर बताया कि वह अपने काम पर फोकस करती हैं और रिजल्ट की फिक्र नहीं करती हैं। अभिनेत्री का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री एक ऐसी जगह है, जहां आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, रिजल्ट की गारंटी नहीं होती।

यह पूछे जाने पर कि वह लगातार आगे बढ़ रही इंडस्ट्री में अपेक्षाओं के दबाव को कैसे मैनेज करती हैं, सैयामी ने बताया, दबाव कभी पूरी तरह से खत्म नहीं होता, लेकिन जब आपका ध्यान रिजल्ट के बजाय काम पर होता है, तो सांस लेना आसान हो जाता है। मैंने रिजल्ट के बारे में सोचना छोड़ दिया है और प्रक्रिया को महत्व देना शुरू कर दिया है। अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जो दूसरों को प्रभावित करती हैं। ऐसे किरदार निभाना पसंद है, जो चुनौती देते हैं और मैं अपने काम से ही इस प्रेशर को मैनेज करती हूं। मैंने अभिनय की दुनिया में भी कदम इसी वजह से रखा था, क्योंकि मुझे यह पसंद है।

साल 2015 से अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा आश्चर्य किस बात से होता है? सैयामी ने कहा, इसकी अनिश्चितता।

अभिनेत्री ने कहा, मैं फिल्म इंडस्ट्री की अनिश्चितता से हैरान हूं, जहां आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, रिजल्ट की कभी गारंटी नहीं होती। आप किसी चीज में अपना दिल, आत्मा, मेहनत सब कुछ लगा सकते हैं, फिर भी निश्चित नहीं है कि परिणाम क्या होगा। लेकिन यही चीज उसे जीवंत और मैजिकल बनाए रखती है।

उन्हें यह भी आश्चर्य होता है कि समय की पाबंदी को एक रेयर क्वालिटी के रूप में कैसे देखा जाता है।

सैयामी ने कहा, एक और बात जो मुझे वाकई हैरान करती है, वह यह कि समय की पाबंदी को एक रेयर क्वालिटी की तरह देखा जाता है। मेरे लिए, समय की पाबंदी ऐसी चीज नहीं है जिसकी सराहना की जानी चाहिए - यह सम्मान का एक बुनियादी संकेत है। अनुशासन को अक्सर कम आंका जाता है।

सैयामी की हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' है, जिसमें वह सनी देओल और रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका में हैं। 10 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।

जाट में रेजिना कैसेंड्रा भी अहम किरदार निभा रही हैं। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने फिल्म में टच किया गाने पर डांस किया है।

गोपीचंद मलिनेनी के निर्देशन में बनी जाट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने मिलकर किया है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई है।

# चारधाम यात्रियों की सुरक्षा के लिए एनडीएमए और यूएसडीएमए प्रतिबद्ध

**देहरादून।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) सैयद अता हसनैन ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनडीएमए और यूएसडीएमए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। लाखों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आते हैं। हमारी कोशिश है कि प्रत्येक यात्री चारधाम यात्रा कर सुरक्षित अपने घर को लौटे। इसी उद्देश्य से गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनडीएमए और यूएसडीएमए द्वारा 24 अप्रैल को चारधाम यात्रा पर केंद्रित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।मंगलवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में चारधाम यात्रा को लेकर एनडीएमए और यूएसडीएमए द्वारा आयोजित की जा रही मॉक ड्रिल के तहत टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) सैयद अता हसनैन ने संबोधित करते हुए कहा कि मॉक ड्रिल एक अवसर है, अपनी क्षमताओं, तैयारियों तथा संसाधनों की ताकत को पहचानने तथा परखने का और यह समझने का कि आपदा के समय उनका बेहतर से बेहतर उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि फरवरी माह में यूएसडीएमए द्वारा फॉरेस्ट फायर पर बहुत ही अच्छे ढंग से शानदार मॉक ड्रिल आयोजित की गई। उन्होंने इसके लिए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को बधाई दी और कहा कि फारेस्ट फायर को लेकर आयोजित इस मॉक ड्रिल की सभी राज्यों में तारीफ हो रही है। उन्होंने कहा कि आपदाओं का सामना करने के लिए सबसे जरूरी है, आपदाओं से सीखना। यदि आपदाओं से मिली सीख पर कार्य कर लिया जाए तो बड़ी से बड़ी आपदाओं का भी प्रभावी तरीके से सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के नागरिकों में जागरूकता का स्तर काफी ऊंचा है। उन्होंने लोगों को जागरूक करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार तथा यूएसडीएमए द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी आपदा की घटना से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए यूएसडीएमए पूरी तरह से तैयार है। सभी रेखीय विभागों के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है। चारधाम यात्रा प्रारंभ होते ही राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में चारधाम यात्रा से संबंधित रेखीय विभागों के नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। एसईओसी से भी लगातार चार धाम यात्रा की मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस तथा पर्यटन विभाग के कंट्रोल रूम की फीड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में भी लिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा स्वयं सभी विभागों की तैयारियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री जी के दिशा-निर्देशन में सुरक्षित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए सभी विभाग आपसी सामंजस्य तथा समन्वय से कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी श्री राजकुमार नेगी ने प्रस्तुतीकरण के जरिये चारधाम यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग की तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सभी संसाधनों की जीआईएस मैपिंग की गई है। आपदा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां जोखिम को कम करने का प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल में सभी विभागों तथा आईआरएस प्रणाली के तहत सभी अधिकारियों को शत-प्रतिशत प्रतिभाग करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एनडीएमए के प्रमुख सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल, सीनियर कंसलटेंट, कर्नल अरशद नदीम, ब्रिगेडियर एचके सेठी, अपर सचिव विनीत कुमार, अपर सचिव रुचि मोहन रयाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, वित्त नियंत्रक अभिषेक कुमार आनंद, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, शांतनु सरकार, बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल आदि मौजूद थे।

पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि डुप्लीकेसी तथा फर्जी पंजीकरणों को रोकने के लिए इस बार आधार आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इससे जो लोग एक से अधिक बार रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं, उस पर रोक लगेगी। साथ ही फर्जी रजिस्ट्रेशन भी नहीं होंगे। इसके अलावा कैमरों के जरिये हैड काउंट किया जाएगा, जिससे कितने यात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं, इसका रियल टाइम डाटा भी प्राप्त हो सकेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सतीश कुमार गुजराल द्वारा जय माँ गंगा प्रिन्टर्स ,राजराणा काम्पप्लैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां ज्वालापुर हरिद्वार से मुद्रित कराकर राजभवन न्यू बस्ती भीमगोड़ा, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।

**: सम्पादक :**
**सतीश कुमार गुजराल**
**मो० 9412957346**
**e-mail:**
satopathexpress@gmail.com

**सभी विवादो का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय ही मान्य होगा।**